बिहार सरकार

कला संस्कृति एवं युवा विभाग (संग्रहालय निदेशालय)

पटना संग्रहालय, पटना

एवं

फाउन्डेशन फॉर आर्ट, कल्चर, एथिक्स एंड साईन्स, पटना

Foundation for Art, Culture, Ethics & Science

FACES

के संयुक्त तत्वावधान में

23 नवंबर 2016

चामर-ग्राहिणी यक्षिणी शताब्दी वर्ष

ओपन लेटर (आलेख) प्रतियोगिता

आलेख का विषय

"चामर ग्राहिणी यक्षिणी : परिचय, ऐतिहासिकता और कला पक्ष"

"चामर-ग्राहिणी यक्षिणी" (दीदारगंज-यक्षिणी) एक विश्व-विख्यात कलाकृति है, जो 18 अक्टूबर 1917 में को पटना के दीदारगंज में प्राप्त हुई थी और वर्तमान में पटना संग्रहालय में सुरक्षित है। ईसापूर्व तीसरी शताब्दी की इस प्रस्तर कलाकृति की ऐतिहासिकता, कलात्मकता और तकनीक का अध्ययन पूरे विश्व के सैकड़ों विद्वानों ने किया है तथा इसके कई अभिलक्षणों को लिओनियर्दो-द-विंची और अन्य मेधावी कलाकारों की विशिष्ट कलाकृतियों के मुकाबले श्रेष्ठ पाया गया है। प्रदर्शन के लिए चामर-ग्राहिणी अनेक देशों में घूम चुकी है तथा इसके अध्यन और अवलोकन के लिए विद्वान, शोधार्थी और विशिष्ट व्यक्ति प्रति-वर्ष पटना संग्रहालय आते रहते हैं. वर्तमान वर्ष 2016 इस अद्भुत ऐतिहासिक कलाकृति के प्राप्ति का शताब्दी वर्ष है.

प्रतियोगिता के नियम

- माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय (9 वीं से 12 वीं कक्षा) के विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकतें हैं.
- प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक विद्यार्थी उक्त विषय पर अधिकतम 700 शब्दों का एक आलेख लिख कर, उसकी एक प्रति, पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र (विद्यालय प्राचार्य द्वारा अग्रसारित) के साथ, 'पटना-संग्रहालय', बुद्ध-मार्ग पटना के कार्यालय अथवा विद्यालय के कार्यालय में दिनांक 20/11/2016, अपराह्न 4 बजे तक जमा कर, अपना निबंधन करा सकतें हैं।
- आवेदन-पत्र, सम्बंधित विद्यालय के प्राचार्य के कार्यालय अथवा पटना संग्रहालय, बुद्ध-मार्ग, पटना के टिकट-खिड़की से प्राप्त किया जा सकता है।
- FACES के वेबसाइट www.faces.org.in से भी आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर भरे हुए आवेदन एवं आलेख की प्रति को info@faces.org.in पर ई-मेल कर छात्र अपना निबंधन करा सकते हैं।
- निबंधित छात्र दिनांक 23/11/2016 को 10 बजे दिन में पटना संग्रहालय, बुद्ध-मार्ग, पटना के सभागार में अपने आलेख के साथ 'आलेख-वाचन' (recitation) के लिए उपस्थित होंगें। आलेख वाचन के बाद, छात्र से (उनके आलेख के आधार पर, चामर-ग्राहिणी यक्षिणी से सम्बंधित) तीन प्रश्न, विशेषज्ञ समिति द्वारा पूछे जा सकते हैं।
- विशेषज्ञ-समिति द्वारा मेरिट के आधार पर तीन सर्वोत्तम आलेखों को पुरस्कृत घोषित किया जाएगा. पुरस्कृत छात्रों को मैडल/मोमेंटो और प्रमाणपत्र दिए जायेंगे.
- सर्वश्रेष्ठ आलेख को किसी प्रमुख समाचार-पत्र में प्रकाशित भी किया जा सकता है.
- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को 'सहभागिता प्रमाण-पत्र' दिया जाएगा.
- छात्रों के साथ उनके शिक्षक, अभिभावक और सहपाठी, कार्यक्रम में श्रोता और दर्शक के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित रहेंगे.
- भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों, साथ में दर्शक के रूप में आये विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के मध्यान्ह-भोजन की व्यवस्था आयोजकों द्वारा वाचन-स्थल पर की जायेगी.

मीडिया पार्टनर दैनिक जागरण

विशेष जानकारी के लिए संपर्क करें:

9570085004 / 9471175744 कार्यालय प्रभारी, FACES, पूर्वी बोरिंग कैनाल रोड, पटना

अथवा वेब साइट देखें: www.faces.org.in